बाबा मैं हार गया हूँ | By Vijay Garg

बंटती आज बधाई सारी दुनिया में
आई मस्त बहार खाटू नगरी में
झूमता है जहाँ नाचता है जहां श्याम नगरी में
बंटती आज बधाई ....

कार्तिक वाली ग्यारस की बात निराली है
श्याम दीवानो की तो बस ये ही दिवाली है
आ रही टोलियां गूंजती बोलियां श्याम नगरी में
बंटती आज बधाई ....

जूही चंपा केसर से आज सजाया है
खुशबु के झोंको से मंदिर महकाया है
कैसा रंगी समा श्याम रंग है रंगा श्याम नगरी में
बंटती आज बधाई ....

छप्पन भोग लगाए कीर्तन करवाए हैं
स्वागत में सेवक ये पलकों को बिछाए है
बरसे अमृत यहाँ श्याम नगरी में
बंटती आज बधाई ....

एक झलक के खातिर दीवाने आये हैं
कहना यही निखिल का हमे तू ही भाये है
भक्त मदहोश है एक नया जोश है श्याम नगरी में
बंटती आज बधाई ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-by-vijay-garg/